प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 23.05.2026

- **आवेदक का फोन हैक करके साइबर ठग द्वारा खाते से ₹ 20,000/- की साइबर ठगी करने के सम्बन्ध में शिकायत साइबर हेल्प डेस्क शिवली जनपद कानपुर देहात पर दर्ज करायी गयी थी।**
- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में सम्पूर्ण धनराशि ₹ 20,000/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री गुड्डू वर्मा पुत्र बालकिशन वर्मा निवासी ग्राम भऊवापुरवा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात का साइबर ठग द्वारा फोन हैक करके खाते से ₹ 20,000/- की साइबर ठगी की गयी थी । जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा साइबर हेल्प डेस्क शिवली जनपद कानपुर देहात पर दिनांक 17.05.2026 को शिकायत की गयी थी। जिस पर थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की कटी हुयी सम्पूर्ण धनराशि ₹ 20,000/- को दिनांक 22.05.2026 को खाते मे वापस करायी गयी है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना शिवली जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

1.मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in

2.आनलाइन फ्राड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹20,000/-

धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह
2. म0का0 1261 प्रीति सोनकर